(Printed Pages 4)

D

Roll No. ....

(20524)

B.A.LL.B. IV-Sem.

NS-3436

B.A.LL.B. Examination, May-2024

HINDI

विधिक संचार एवं हिन्दी भाषा ज्ञान

(BL - 4002)

(New Course)

Time : 3 Hours] *[Maximum Marks : 100*

नोट : सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिये।

खण्ड - क

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : **सभी पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का और उत्तर अधिकतम 75 शब्दों में अपेक्षित है।

5×4=20

1. संरचना की दृष्टि से वाक्य कितने प्रकार के होते हैं, सोदाहरण समझाइए।

2. निम्नलिखित विधिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:
   Accused, Bailable offence, Fraud, Judicious

P.T.O.

3. निम्नलिखित शब्दों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए:
   अवसर, अन्तरिम, निर्देश, उद्घोषणा

4. निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्यों में परिवर्तित कीजिए:
   (क) ज्यों ही वह आया, बिजली गुल हो गई।
   (ख) मुझे बताओ कि तुम्हारी समस्या क्या है?

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए-
   (क) कृपया मेरे घर आने की कृपा करें।
   (ख) ठंडा घड़े का पानी पिलाइए।

खण्ड - ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है। अधिकतम 200 शब्दों में लघु उत्तर अपेक्षित है।

2×10=20

6. पल्लवन कीजिए-
   "अज्ञान जैसा शत्रु दूसरा नही।"

7. विराम चिह्नों से क्या आशय है? इनकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

8. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए-

कला जीवन का अभिन्न और अनिवार्य अंग है, सच्ची कला केवल बौद्धिक से कुछ अधिक होनी चाहिए। सच्ची कला मानव की क्षुद्र वासनाओं का स्पर्श नहीं करती। सच्ची कला का कोई भी रूप- नृत्य, संगीत या साहित्य- मनुष्य को श्रेष्ठ, महान् और सुंदर बनाने में समर्थ होना चाहिए। जो कलाएं मनुष्य की क्षुद्र प्रवृत्तियों को उभारकर उसका हल्का मनोरंजन करती हैं, वे कभी महान् और सच्ची कलाएं नहीं हो सकतीं।

खण्ड - ग

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 20×3=60

9. "धर्मान्तरण : समस्या एवं समाधान" विषय पर एक सारगर्भित निवन्ध लिखिए।

10. पदोन्नति हेतु एक आवेदन पत्र तैयार करिए।

11. आपके कॉलेज में एक 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया- इस पर रिपोर्ट प्रस्तुत कीजिए।

12. 'न्यायपालिका की स्वाधीनता' पर एक सुन्दर लेख लिखिए।

13. 'हिन्दी को राष्ट्र भाषा का दर्जा मिलना ही चाहिए'- इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।